**उल्टा पुल्टा**

दादा जी पोते से बोले, फौरन मेरे दांत लेकर आ

**पोता बोला**– अभी तो रोटी भी नहीं बनी, दांत का या करोगे?

**दादा जी**– रोटी को मार गोली, पड़ोसन स्माइल दे रही है। मुझे भी उसको कातिलाना स्माइल देनी है।

# कांग्रेस ने टिकट दावेदारों से मंगाए आवेदन

## ब्लॉक अध्यक्ष 22 तक लेंगे आवेदन, जिला अध्यक्ष के सामने होगी जांच

### बायोडाटा के साथ आपराधिक मामलों की जानकारी देना भी जरूरी

### बेलतरा व बिलासपुर से रविन्द्र ने दिया आवेदन

### महापौर व भुनेश्वर यादव बेलतरा से लिया आवेदन



**बिलासपुर**,17 अगस्त (देशबन्धु) । कांग्रेस में टिकट वितरण की प्रकिया आज से शुरू हो गई है। पहली बार पहली बार कांग्रेस ने टिकट के दावेदारों से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आज ब्लॉक अध्यक्ष से आवेदन लिया है। योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह ने बिलासपुर और बेलतरा दोनों सीट से लिए दोनों सीट से चुनाव लड़ने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों से आवेदन लिया है। महापौर रामशरण यादव ने बेलतरा विधानसभा से दावेदारी ठोक दी है। और ब्लॉक अध्यक्ष झगरराम सुरवंशी से आवेदन लिया प्रवेश पटवा ने भी इस तरह से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन लिया है। वही दो बार बेलतरा से कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ चुके भुनेश्वर यादव भी तरह से फिर आवेदन पत्र लेकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद

भूनेश्वर यादव यादव तथा रविंद्र सिंह ठाकुर ने आवेदन लिया है तथा बिलासपुर विधानसभा से रविंद्र सिंह आवेदन पत्र पार्षद रविंद्र सिंह ने लिया। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन तथा विनोद साहू का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश निर्देश पर टिकट के दावेदारों को 22 अगस्त तक आवेदन दिए जाना है और संगठन के दिशा निर्देश पर पूरी जानकारी और अपने अभिमत के साथ 24 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी को हम अपनी अनुशंसा सौप देंगे। भुनेश्वर यादव यादव ने बताया कि तीन आवेदन पत्र लिए हैं जिसमें जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष झगर राम सूर्यवंशी विनोद साहू तथा राम रतन कश्यप से उन्होंने एक-एक आवेदन लिया है और तीनों ब्लॉक अध्यक्षों को तीनों को आवेदन जमा मेमन तथा विनोद साहू आज कांग्रेस भवन में करेंगे। फॉर्मेट की जो जानकारी मांग रहे हैं । आवेदन पत्र लिए। पहले दिन दिए आवेदन पत्र यह जानकारी इस बार प्रारूप में प्रदेश कांग्रेस लेने वालों ने बकायदा सभी कांग्रेसी जनों को कमेटी ने टिकट के दावेदारों से पूरी जानकारी मीठाई खिलाई। इस बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी मांगी है। जिसमें क्या कोई अपराध में सजा हुई के जो दिशा निर्देश हैं उसके मुताबिक बाकायदा है। क्या प्रदेश के किसी थाने में आपराधिक आवेदन पत्र के प्रारूप में टिकट के दावेदारों मामला दर्ज है या मुकदमा चल रहा है। और को पूरी जानकारी देना होगा। बेलतरा से आज आनादेय प्रमाण पत्र की भी जानकारी उम्मीद पहले दिन महापौर रामशरण यादव उनके भाई टिकट के दावेदारों से ली जा रही है। संगठन में पूर्व पद पिछली राजनीतिक स्थिति कितने बार जीते हारे नगर निकाय चुनाव में कितनी बार जीते हारे तथा अन्य चुनाव एवं छात्र राजनीति में किन-किन पदों पर रहे। पहली बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर टिकट के दावेदारों से यह भी संकल्प पत्र भरा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से जिस व्यक्ति को भी उम्मीदवार बनाया जाएगा उसे विजय बनाने के लिए चुनाव में पार्टी का निष्ठा पूर्वक काम करेगे। साथ ही पार्टी के संबंध वर्ष 22-23 में संगठन में किसी प्रकार का शुल्क बकाया नहीं है इसकी भी देयता प्रमाण पत्र जारी करना होगा।

बिलासपुर विधानसभा से हरमेंद्र शुक्ला ने भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एक से आवेदन पत्र लिया है। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के दिशा निर्देश पर ब्लॉक एक एवं तीन के अध्यक्ष जावेद मेमन तथा विनोद साहू कांग्रेस भवन से ही आवेदन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रीया का काम करेंगे। जो आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के पास जमा नहीं हो पाएंगे 26 से 29 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी में जमा कर सकेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में दावेदारों के नाम पर चर्चा होगी।

## संपादकीय

### चुनाव तैयारियों में आगे की जंग

*दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक होती है और दूसरे ही दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा की 21 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर देती है। ये सीटें ऐसी हैं, जहां से प्रत्याशियों के नाम पर संशय की कोई स्थिति नहीं थी। नाम लिए जाने के साथ सभी नेताओं की 'हां' को महत्व दिया गया और पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में उनके नामों की घोषणा कर दी गई। चुनाव तैयारियों में आगे निकलने का जो मनौवैज्ञानिक लाभ होता है, उस दृष्टि से भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर यह लाभ उठाने की कोशिश में सफल हो गई। हालांकि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी काफी पहले घोषित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव की जो स्थिति बनती दिखाई दे रही है, उसमें अनुमान यह है कि यह चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। हालांकि असली टक्कर हर बार की तरह कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होना है। पिछले चुनाव के नतीजों को देखकर भाजपा की स्थिति बहुत कमजोर आंकने वाले भी पार्टी की तैयारियों में कुछ सुधार के रूप में देख रहे हैं। प्रत्याशियों की नामों की घोषणा पर पार्टी की अच्छी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आई है और नेता कह रहे हैं कि इनसे श्रेष्ठ नाम हो नहीं सकते थे। एक दो नाम पर हालांकि संघ की ओर से पहले से विरोध किया जा रहा था। पार्टी के लोगों का कहना है कि इस मामले में जीत की संभावना देखी गई है। सभी वर्गों में यह संदेश भी देने का प्रयास किया गया है कि भाजपा का किसी वर्ग से विरोध नहीं है। हालांकि पार्टियों के टिकट के फैसले तब बदल भी जाते हैं जब तक पार्टी का बी–फार्म जारी नहीं हो जाता। यानी प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय तक प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। चूंकि भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता नेतृत्व के समक्ष नामों पर सहमति जता चुके हैं इसलिए 21 सीटों पर घोषित प्रत्याशियों के नामों में कोई फेरबदल होने की संभावना कम ही है। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए प्रत्याशियों का फैसला करना थोड़ा कठिन हो जाता क्योंकि दावेदारों की संख्या बढ़ जाती है। कांग्रेस के लिए यही स्थिति है। कांग्रेस में स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू हुई है। पहले ब्लाक स्तर पर और फिर जिला स्तर पर दावेदारों की स्क्रीनिंग होगी और उसके बाद प्रदेश स्तर पर उनकी सूची तैयार की जएगी। अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान से होगा। इस प्रक्रिया में अगस्त माह निकल जाने की संभावना है। हालांकि जिनका नाम शीर्ष पर होता हो उसे संकेत मिल जाता है कि उसे चुनाव की तैयारियों में लग जाना चाहिए। ऐसे कितने उम्मीदवार हैं, फिलहाल कह पाना कठिन है मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान से साफ है कि सभी विधायकों को पार्टी टिकट देने नहीं जा रही है। इनमें से एक तिहाई विधायकों का टिकट काटा जा सकता है और उनकी जगह नए चेहरों को आगे लाया जा सकता है। इन बयानों ने भी दावेदारों की संख्या कांग्रेस में बढ़ाई है। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी की प्रदेश प्रभारी ने पहले ही साफ कर दिया है कि टिकट एक को ही मिल सकती है और बाकी सभी को उसे जिताने के लिए काम करना होगा। विरोध या भितरघात की कोई शिकायत मिलती है तो पार्टी उस पर कार्रवाई करने में देर नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी राज्य विधानसभा सभी 90 सीटों पर और आदिवासी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविन्द नेताम की हमर राज पार्टी भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। अभी इन पार्टियों के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।*

## सार-संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर जिपं सभापति अंकित आयोजनों में हुए शामिल



**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ पूरे भारतवर्ष में मनाया गया। इसी क्रम में जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा भी विधायक कार्यालय बिलासपुर ,जिला पंचायत कार्यालय के ध्वजारोहण के कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल ग्राम सेमरा,मिडिल स्कूल ग्राम सेमरा,शासकीय कन्या हाई स्कूल बैमा, महिला सशक्ति मंच बिलासपुर के आयोजनों में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने बताया 15 अगस्त 1947 का दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सदियों के संघर्ष बलिदान और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। आज हम सभी देशवासी 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहें हैं। गौरहा ने बताया कि आजादी या स्वतंत्रता का अर्थ सही मायनों में शहीदों ने ही समझा हैं। भारत के वीर सपूतों ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर अपने प्राणों की आहुति दे दी तब हमारा भारत देश आजाद हुआ आज का यह दिन उन्हें स्मरण और नमन करने का है और एक सच्चे भारतीय होने के नाते हम सभी का यह दायित्व है कि देश की एकता अखंडता और स्वर्णिम विकास के लिए हम सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

### मदर्स प्राइड वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु)। मदर्स प्राइड वर्ल्ड स्कूल चकरभाटा में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता को माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित के साथ किया गया । इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ.राजीव शिवहरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्कूल के छात्र – छात्राओं ने रंगारंग देशभक्ति गीत और नृत्य की प्रस्तुती के साथ साथ छत्तीसगढ़ के राजकीय – गीत अरपा पैरी के धार ने सभी का मन मोह लिया। वही कक्षा पहली और दूसरी कक्षा के तिरंगे परिधान में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के चेयरमैन / प्रधानाचार्य सबिनो डिसूजा ने अपने भाषण में अपने देश के प्रति कर्तव्यों को याद कराते हुए देश के वीर सपूतों को याद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती उमंग शिवहरे, स्कूल के छात्र छात्राएँ, अभिभावक एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहें ।

### देवाशीष बने एनएसयूआई प्रदेश सचिव



**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु) । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन( एनएसयूआई ) छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के अनुमोदन से बिलासपुर के देवाशीष सिंह ठाकुर को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया। जो कि बिलासपुर जिला एनएसयूआई के सचिव पद में रह कर कार्य कर चुके है साथ ही संगठन को मजबूत करने और छात्रहित में सदैव अग्रसर रहेंगे। इस दायित्व को सौपने के लिए विशेष रूप से युकां पूर्व प्रदेश कार्य. अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री व एनएसयूआई प्रदेश महासचिव अर्पित केशरवानी को आभार व्यक्त किया।

# इलेक्ट्रानिक्स दुकान में हुई चोरी का आरोपी पकड़ाया



**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु) । इलेक्ट्रानिक्स दुकान से चोरी करने वाले आरोपी को मस्तूरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही एक आरोपी फरार है।

मस्तूरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अंचल विश्वकर्मा निवासी फजल वाड़ा गांधी चौक बिलासपुर निवासी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 11 अगस्त के दरमियानी रात अपने दर्रीघाट स्थित सरस्वती इंटरप्राइजेज दुकान में अज्ञात चोर पीछे के दरवाजा को अटास कर दुकान अंदर प्रवेश कर गल्ला में रखे 4000 नगदी एवं 15 नग सीलिंग फैन, 3 नग कूलर का मोटर, एक नग क्राउन कंपनी का एलइडी टीवी, 1 नग एग्जास्ट फैन, एक नग मिक्सर ग्राइंडर को अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना मस्तूरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । विवेचना दौरान मुखबिर की सूचना पर दर्रीघाट में संदेही आदर्श कुर्रे उर्फ भोलू को तलब कर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपने साथी जुबेर खान के साथ दिनांक घटना समय सदर को सरस्वती ट्रेडर्स दर्रीघाट के दुकान के अंदर घुसकर उक्त समान को चोरी करना स्वीकार किया। अपराध स्वीकार करने से आदर्श उर्फ गोलू से 8 नग सीलिंग फैन, 01 नग क्राउन कंपनी का एलईडी टीवी , अपने हिस्से का 2000 मैं से1700 खर्च करना एवं 300 रखना,01 नग कूलर का मोटर, को आरोपी से जप्त किया गया है।चोरी गए अन्य समान को दूसरे आरोपी जुबेर खान पिता शाबिर खान 25 वर्ष सा दर्रीघाट के पास होना आरोपी द्वारा बताया गया है। आरोपी जुबेर खान सकुनत से फरार है जिसकी पता तलाश किया जा रहा है। आरोपी आदर्श कुर्रे उर्फ गोलू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी की वारदात में जेल जा चुका

# आवासपारा में बांस-बल्लियों से बिजली कनेक्शन, हो सकता है खतरा



**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु) । मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिसदा में आज़ाद युवा संगठन की बैठक रखी गई। बैठक में संगठन के सदस्यों द्वारा बताया कि आवास पारा में बिजली पोल की कमी होने के कारण मोहल्लावासियों को बिजली कनेक्शन लेने को बाँस-बल्लियों का सहारा लेने को बाध्य होना पड़ रहा हैं जिससे कभी भी अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई हैं, इसके अलावा मुख्य सड़क मार्ग नहीं बनने के कारण मोहल्लावासियों को कीचड़ भरे मार्ग पर पैदल चलने को एवं सायकल को अपने कंधों पर लाद कर अपने घरों तक एवं मरीज व्यक्ति को चारपाई में लेटाकर लगभग आधा किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने को बाध्य होना पड़ रहा हैं। संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा कहा गया कि उक्त समस्या का समाधान एवं निराकरण की माँग को लेकर संगठन द्वारा जल्द ही शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाते हुए उक्त कार्य को पूर्ण करवाने की मांग की जाएगी।

**■ बिजली व्यवस्था सुधारे प्रशासन**

बैठक में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा श्रीमती कार्तिक बाई पैकरा,लक्ष्मीं गोस्वामी,सुखी दास,हेमराम पटेल,मोहर बाई पटेल,दुलारा बाई पटेल,पंच बाई, जानकी बाई,रजनी महंत,गनेशिया बाई पैकरा,रमला बाई पटेल,कुमारी बाई पटेल,सहोदरा पटेल,राधा बाई पैकरा,शीतल बाई कंवर,अमरीका बाई पटेल,मेला बाई,सुखिया बाई पैकरा,रामशिला बाई,हर बाई पटेल, आदि बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर 81 लोगों ने किया रक्तदान

**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु)। जज़्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी एवं लायंस क्लब के द्वारा संयुक्त रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। शिविर का आयोजन मगरपारा स्थित एकता ब्लड सेंटर में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई के पूर्व सलाहकार व वर्तमान में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सलाहकार डॉ. रौनक कलवानी ( प्लास्टिक , कॉस्मेटिक माइक्रो सर्जन ) रहे। उन्होंने शिविर अयोजनकर्ताओं को इस पहल के लिए साधुवाद दिया साथ ही उन्होंने अपने वक्तव्य में ये भी कहा कि यदि कोई थैलासीमिया पीड़ित या सिकलसेल पीड़ित मरीज़ मेरे पास किसी भी प्रकार के ईलाज या सलाह के लिए आता है तो उन्हें मेरे द्वारा सभी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। मुख्य अतिथि का स्वागत दोनों संस्थाओं द्वारा फूलों का गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया। शिविर में कुल 81 रक्तदाताओ द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान कर थैलासीमिया पीड़ित व सिकलसेल पीड़ित मरीज़ो की मदद की गई। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था द्वारा स्वल्पाहार , प्रशंसा पत्र , मानसून की बारिश से बचने छाता उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। शिविर में रक्तदाताओ को ब्लड वापसी कार्ड प्रदान भी किया गया जिस से की ज़रूरत पड़ने पर रक्तदाता अगले 6 माह में जब चाहे अपने ब्लड का उपयोग अपनी मर्ज़ी से उपयोग करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस कार्ड की सहायता से रक्तदाता छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख शहरों में अपना दिया हुआ ब्लड वापस ले सकेंगे। स्वतंत्रता दिवस जैसे दिन हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन जज़्बा द्वारा किया जाता रहा है , जिसमे हर बार वो किसी संस्था के साथ मिलकर आयोजन करती है इसी तारतम्य में इस वर्ष लायंस क्लब केअर रीजन जैस्मीन जोन – 1 ने साथ देते हुवे इस शिविर को सफल बनाया ।

# भाजपा का घोषणा पत्र सत्य पर आधारित होगा-बघेल

### घोषणापत्र के लिए भाजपा लेगी सभी से सुझाव



**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए घोषणा पत्र सुझाव कमेटी के संयोजक एवं सांसद विजय बघेल ने आज यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र सत्य पर आधारित होगा। भारतीय जनता पार्टी सेवा के लिए सरकार बनाना चाहती है जबकि कांग्रेस के लोग शासन चलाने के लिए सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र सत्यता पर आधारित होगा क्योंकि आज झूठ और फरेब की भरमार है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि पिछले चुनाव में हमसे कुछ गलती हुई जिसके चलते कांग्रेस प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई । इसकी ना तो हमने और ना ही कांग्रेस के नेताओ ने कल्पना की थी । यहां तक कि मतदाताओं ने भी उम्मीद नहीं थी कि कांग्रेस सत्ता में आ रही है ।भारतीय जनता पार्टी 15 सीटों पर सिमट गई इसके बावजूद भी हमने नहीं कहा था कि हम शराबबंदी करेंगे जबकि कांग्रेस के लोगों ने अपनी पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं से गंगाजल हाथ में लेकर कहा था कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही शराबबंदी की जाएगी लेकिन आज शराबबंदी तो दूर की बात आज घर घर और गली गली में शराब बिक रही हैं कोचीयों के माध्यम से गांव गांव में शराब बिकवा ई जा रही है

श्री बघेल ने कहा कि घोषणा पत्र सुझाव अभियान को सभी वर्ग से समर्थन मिल रहा है और इस बात की खुशी है कि अभी तक 25000 से ज्यादा सुझाव व्हाट्सएप पर आ चुके हैं तथा 3000 से ज्यादा सुझाव लोगों ने ईमेल के जरिए भेजा है । आज सभी संभागीय मुख्यालय में घोषणा पत्र सुझाव अभियान को लेकर प्रेस वार्ता किए जाने का कार्यक्रम था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री लीला राम भोजवानी के निधनके कारण दुर्ग और राजनंदगांव में यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है। घोषणापत्र अभियान समिति के लोग जिला स्तर पर दौरे की व्यवस्था करेंगे तथा सभी वर्गों से संपर्क किया जाना तय करेंगे । भारतीय जनता पार्टी अपनी घोषणा पत्र के तहत सुझाव लेने के लिए लोक कलाकारों, साहित्यकारों, पंचायत सचिव ,सफाई कर्मियों ,व्यापारियों ,उद्योगपतियों, मितानिनो ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अधिवक्ता संघ, संगठित कर्मचारी संघ ,पत्रकारों आदि से सुझाव लेगी बस्तर और सरगुजा संभाग में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीण भाइयों से और सामाजिक संस्थाओं से भी सुझाव लिया जाएगा । भारतीय जनता पार्टी में इस तरह के सुझाव की शुरुआत कर पुरानी परिपाटी से हटकर नई परिपाटी शुरू की है । भाजपा अर्थशास्त्रियों से भी संपर्क करके घोषणा पत्र के बारे में सुझाव तो लेगी ही साथ ही भ्रष्टाचार को कैसे रोका जाए इस पर भी उनके विचार जानेंगे। हम पेंशनरों से भी सुझाव प्राप्त करेंगे।

उन्होंनेकहां की भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के किसानों से भी घोषणा पत्र को लेकर सुझाव मांगेगी ।कांग्रेस की सरकार ने किसानों की कर्ज माफी का वादा किया था लेकिन कर्ज उन्हीं किसानों का माफ किया गया है जो सिर्फ जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के किसान हैं अन्य बैंकों से लोन लेने वाले किसानों का कर्ज माफी नहीं किया गया । यह सरकार सिर्फ झूठ पर आधारित सरकार है और प्रदेश की जनता अब कांग्रेस पर भरोसा नहीं करने वाली है।

कांग्रेस ने पिछले चुनाव में झूठ का घोषणा पत्र तैयार करवाया था मगर भारतीय जनता पार्टी सच पर आधारित घोषणा पत्र तैयार कराएगी । पत्रकारों के इस प्रश्न पर कि यदि कांग्रेस सरकार ने शराबबंदी का वादा करके शराबबंदी नहीं किया है तो क्या भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र में शराबबंदी को प्रमुखता से लागू करने का वादा करेगी ,श्री बघेल ने कहा कि यह सब सुझाव आने और उसकी छटनी किए जाने के बाद कुछ कहा जा सकता है अभी से हम इस पर कुछ नहीं बता सकते ।

# हड़ताल के लिय एकजुट हुए लिपिक निर्वाचन कार्य होगा बाधित

**बिलासपुर** , 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक फैडरेशन के आह्वान पर 22अगस्त को होने वाली लिपिकों की हड़ताल पर आज फैडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय, कंपोजिट बिल्डिंग, पी डब्लू डी रेशम,शिक्षा , पंजीयन विभाग, रजिस्ट्री कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में जन संपर्क किया। छग लिपिक फेडरेशन के प्रांतीय सयोजक एवम छग प्रदेश लिपिक वर्गीयशासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने बताया की पदनाम परिवर्तन करते हुए लिपिक वेतनमाना सुधार की मांग को लेकर प्रदेश भर के लिपिक एकजुट हुए है 17फरवरी 2019को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रांतीय अधिवेशन में आश्वस्त किया था की लिपिकों की मांग निश्चित पूरी की जायेगी परंतु साढ़े चार वर्ष बीत जानें के पश्चता भी मांग पूरी ना होने से प्रदेश केलीपिको में आक्रोश व्याप्त है, 22अगस्त को प्रदेश भर के लिपिक सामुहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन आंदोलन करेगें एवम मांग पूरी ना होने पर 4सितंबर से अनिष्चित कालिन हड़ताल में चले जायेंगे। आज जनसंपर्क में प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी,जिलाध्यक्ष , सूर्य प्रकाश कश्यप, जिला आध्यक्ष आलोक पराजपे, जितेन्द्र मिश्रा, प्रशांत पांडेय, वर्षा रानी चरण, विकास तिवारी, श्यामा नंद जयसवाल, राकेश वर्मा, सतीश अय्यर साहित लिपिक शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### कृष्णा हुण्डई में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कृष्णा हुण्डई में स्वतंत्रता दिवस पर कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन, डायरेक्टर्स एवं कृष्णा परिवार के सदस्यों के साथ कृष्णा ग्रुप के स्टॉफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया गया। कृष्णा ग्रुप के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रगीत एवं देश भक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। चेयरमेन अशोक मोदी ने कहा कि जीवन में होने वाली छोटी-छोटी बातों को भी आत्मसात करना चाहिये तो निश्चित ही आप संस्कारित होंगे। डायरेक्टर राजा मोदी ने बताया कि आज कृष्णा ग्रुप उन्नति के पथ पर इस लिये अग्रसर हो रहा है क्योंकि यहॉ पर समस्त कार्य पूरे अनुशासन के साथ किये जाते हैं। नये टेक्नोलॉजी के साथ समय पर कार्य किये जाते हैं तथा यहॉ आधुनिक एवं उच्च क्वालिटी के संसाधनों का प्रयोग कर ग्राहकों को पूर्ण संतुष्ट करने का कार्य किया जाता है। कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर गौरव मोदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, हार्दिक मोदी, चैतन्य मोदी, श्रीमती किरण मोदी, प्रीति मोदी, शिखा मोदी, अंकिता मोदी, निकिता मोदी, राधिका मोदी, अवन्या मोदी, नरेन्द्र मोदी, अयन मोदी, वैद्यिक मोदी, कृष्णा हुण्डई के जनरल मैनेजर भूपेन्द्र उपाध्याय, कृष्णा होण्डा के प्रमोद यादव, कृष्णा जे.सी.बी. के वरूण नायर, तिरूपति आटो एजेंसी के कमलेश वांटू, रामराखन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल गोपालपुर में मनाया आजादी का पर्व

**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। 77वां स्वतंत्रता दिवस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय हिन्दी एवं अंग्रेजी विद्यालय गोपालपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पूजन, दीप प्रज्वलन व ध्वज वंदन कर ध्वजारोहण विद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती सीमा भारद्वाज, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रमेश दास महंत व वार्ड पार्षद सुश्री पुष्पा कंवर द्वारा किया गया। तत्पश्चात् प्रभात फेरी ध्वज गीत व नारे जयघोष के साथ सीपेट कालोनी में निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेजेस विद्यालय गोपालपुर के अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम, बाम्हनपाठ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर पार्षद सुश्री पुष्पा कंवर,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रमेश दास महंत, सदस्य मदनलाल भारिया, श्रीमती बद्रिका महंत, अभिभावक गण, व्याख्याता, शिक्षक, स्टाफ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

### प्रभारी मंत्री डॉ. डहरिया आज लेंगे समीक्षा बैठक

**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ शासन और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया 18 अगस्त को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सत्कार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री डॉ. डहरिया हेलीकॉप्टर से दोपहर 12 बजे एसईसीएल मुड़ापार के हैलीपैड पहुंचेंगे और यहां वे से कार द्वारा दोपहर 12꞉10 बजे सर्किट हाउस आएंगे। यहां आम नागरिकों से भेंट एवं चर्चा उपरांत दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष पहुंचेंगे और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 4꞉30 बजे वे हैलीपेड एसईसीएल मुड़ापार से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सेक्टर अधिकारियों को अपने मतदान केंद्रों की हो पर्याप्त जानकारी-कलेक्टर

**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को उनके चिन्हांकित मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण करके भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का अवलोकन करके उन केंद्रों पर मोबाइल नेटवर्किंग, मतदान केंद्रों की कंट्रोल टेबल एवं ईएमएफ/एएमएफ, वल्नेरेबल मैपिंग मतदान केंद्रों की स्थिति तथा मतदान केंद्रों में अभिहित अधिकारी की उपस्थिति की समीक्षा की। सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रो पर पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया कराने के लिए इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को मतदान केंद्रों के पहुंच मार्ग (रास्ता) का भी निरीक्षण करने के लिए कहा है ताकि मतदान दल आसानी से उन केंद्रों तक पहुंच सकें। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की भी जानकारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों को अपने संबंधित मतदान केंद्रों में एक दिन पूर्व मतदान दलों के साथ सामग्री को पूर्ण रूप से सुरक्षित पहुंचाना और अपने रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्टिंग करने की भी जिम्मेदारी होगी। सभी सेक्टर अधिकारी जरूरी व्यवस्थाएं करने समय पर सूचित करें। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्र से संबंधित बीएलओ एवं अन्य जरूरी लोगों से संपर्क करने, मतदाता सूची का अध्ययन करने, ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट का संचालन तथा मशीन के संबंध में पर्याप्त जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नेटवर्क कनेक्टिविटी के लिए भी ग्रामीणों से पर्याप्त जानकारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम श्रीकांत वर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे आदि उपस्थित थे।

### कन्या शाला में रितु ने किया ध्वजारोहण



**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय कन्या शाला टीपी नगर में पार्षद रितु चौरसिया ने ध्वजारोहण किया। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इंदिरा विहार की अध्यक्षा रश्मि श्रीवास द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देने तथा स्वास्थ्य शिविर लगाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य रणधीर सिंह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भाजपा से लखनलाल कोरबा विधानसभा सीट से लड़ेंगे चुनाव

### प्रत्याशी बनाए जाने पर संगठन के प्रति जताया आभार



**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। 21 विधानसभा क्षेत्रों के लिए घोषित प्रत्याशियों की सूची में कोरबा की प्रतिष्ठित विधानसभा सीट से लखन लाल देवांगन प्रत्याशी होंगे।

कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव लखन लाल देवांगन वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रत्याशी घोषित किए जाने के पश्चात लखनलाल देवांगन ने संगठन और शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने एक सामान्य से कार्यकर्ता पर जो भरोसा जताया है, वे उसमें आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से खरे उतरेंगे। जनता ने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया है। कोरबा की जनता बहुत ही सुलझी हुई है जो निन्संदेह बदलाव चाहती है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने मुझे पार्षद से लेकर महापौर और विधायक का चुनाव लडने का मौका दिया है। एक बार पुनः संगठन ने भरोसा जताया है। कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ना मेरे लिए रोचक होगा। श्री देवांगन ने कहा कि महापौर कार्यकाल में नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य कराए गए जिसे आज भी जनता ने याद रखा है। निन्संदेह जनता के प्रति निरंतर जुड़ाव और क्षेत्र के मतदाताओं और संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से कोरबा विधानसभा का यह चुनाव न सिर्फ ऐतिहासिक होगा बल्कि परिणाम भी बदलाव वाले होंगे।

### 5 किलोमीटर सडक़ खराब

## गर्भवती महिलाओं को होती है ज्यादा दिक्कत





**ग्रामीणों ने दी अंतिम चेतावनी**

कोरबा-करतला, 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के रामपुर विधानसभा व करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गिधौरी के मोहल्ले (धनवारपारा मुड़ाभाठा से बांधपारा, चारपारा के मुख्य मार्ग) तहसील करतला के पहुंच मार्गों का अतिशीघ्र जीर्णोधार की जरूरत है। पूर्व में दिये गए शिकायत आवेदन का निराकरण न करने से ग्रामवासी काफी तकलीफ में आना-जाना कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय पहुंचे गिधौरी के निवासियों ने बताया कि मुख्य मार्ग लगभग 5 किलो मीटर की सडक़ अत्यंत खराब हो जाने के कारण ग्राम की गर्भवती महिलाओं को शासन की चिकित्सा सुविधाओं को प्राप्त करने तथा बच्चे के जन्म का समय नजदीक आने व प्रसव पीड़ा उठने पर सुरक्षित ग्राम गिधौरी से करतला तथा गंभीर परिस्थिति में कोरबा जिला चिकित्सालय में पहुंचने के लिये भारी दिक्कत होती है। इन हालातों में संबंधित महिलाओं एवं जन्म लेने बच्चे तथा उसके परिवार को अपूर्णीय क्षति की आशंका बनी रहती है। इस तरह के क्षति की प्रतिपूर्ति की भरपाई असंभव है। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि ग्राम गिधौरी के सार्वजनिक मार्ग को अतिशीघ्र शासन के किसी भी मद की राशि का उपयोग कर निर्माण कराया जाए। खराब सडक़ के कारण न सिर्फ स्वास्थ्य सुविधा बल्कि कई मौकों पर स्कूली बच्चों को भी स्कूल जाने-आने में परेशानी होती है और उन्हें अवकाश लेना पड़ जाता है। सडक़ के कारण मूलभूत सुविधाओं से भी ग्रामवासी वंचित रह जाते हैं।

### तब दाखिल करनी होगी जनहित याचिका

ग्रामीणों ने कहा है कि पूर्व में भी उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के पश्चात् भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं। ग्राम सरपंच के द्वारा भी पूर्णतः उदासीन रवैया अपनाते हुए कर्तव्य निर्वहन के एवज में ग्राम वासियों से सदोष लाभ प्राप्त करने की मंशा रखी जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि खराब सडक़ के कारण भविष्य में यदि किसी भी प्रकार की जनहानि ग्राम गिधौरी में होती है तो जिला दण्डाधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ के विरूद्ध छग उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका प्रस्तुत कर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराया जाएगा। शीघ्र कार्यवाही न होने पर ग्रामवासी कलेक्ट्रेट का घेराव भी करेंगे।

### शिविर में 275 लोगों ने किया रक्तदान

**कोरबा-पाली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत पाली के मंगल भवन और ग्राम पंचायत नुनेरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग इकाई पाली के सहयोग से हुआ। कुल 275 लोगों ने रक्तदान कर समाज के लिए योगदान दिया। महिलाएं और युवतियां भी रक्तदान में शामिल हुई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। इस बार ग्राम पंचायत नुनेरा में रक्तदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण अगल से ब्लड बैंक की तरफ से सर्वसुविधा युक्त बस भेजी गई थी ताकि रक्तदाता नुनेरा में ही रक्तदान कर सकें। नुनेरा जैसे छोटे से ग्राम पंचायत में भी आस-पास के 81 ग्रामीणों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा हेतु हेलमेट प्रदान किया गया। आयोजकों ने आने वाले समय में होने वाले रक्तदान शिविर में और अधिक संख्या में पहुंच कर रक्तदान करने आह्वान किया है।

## एसीबी पॉवर प्लांट में बायलर फटने से 4 मजदूर झुलसे



**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। दीपका थाना अंतर्गत संचालित पॉवर प्लांट में बायलर फटने की घटना में 4 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्रांतर्गत दीपका क्षेत्र के चाकाबुड़ा में संचालित एसीबी पावर प्लांट दीपका कसाईपाली 270 मेगावाट में बायलर फटने से बुधवार रात हादसा हुआ है। हादसे में मजदूरों के झुलसने से अन्य कर्मचारियों में अफरा-तफरी मची रही। गंभीर रूप से झुलसे कर्मचारियों को एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। झुलसे लोगों में इंजीनियर राजू साहू, ऑपरेटर प्यारेलाल पटेल, हेल्पर अजय तिर्की व आदित्य कुमार शामिल हैं। इस मामले में प्रबंधन की ओर से कोई भी जानकारी नहीं दी जा रही है वहीं अपुष्ट सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि औद्योगिक संयंत्र में हुए हादसे को छिपाने तथा पुलिस को जानकारी नहीं देने पर प्रबंधन/ठेकेदार को नोटिस जारी की गई है। हालांकि पुलिस के अधिकारी इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## असाध्य रोगों का जड़ी-बूटियों से इलाज

कोरबा, 17 अगस्त (देशबन्धु)। वनौषधियों एवं जड़ी-बूटियों से असाध्य बीमारियों का ईलाज करने वाले आदिवासी वैद्यराज एवं वनौषधि विशेषज्ञ टीएन वेंकटेश्वर प्रेस क्लब तिलक भवन, ट्रांसपोर्ट नगर में सेवा दे रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर रोगी की नाड़ी देखकर वनौषधियों एवं जड़ी-बूटियों के प्रयोग से निर्मित दवाईयों से विविध बीमारियों का इलाज करने में पारंगत हैं। अजमाई हुई जड़ी-बूटियों द्वारा तैयार किये गये औषधि नुख्सों से बिना साइड इफेक्ट के कारगर ईलाज कर निराश हो चुके रोगियों में उत्साह व उमंग का संचार करना चिकित्सकीय सेवा का मुख्य लक्ष्य है। श्री वेंकटेश्वर ने बताया कि अस्थमा, वात रोग, समस्त चर्म रोग, लकवा, लिवर, सिरोसिस, मिर्गी, निन्संतान रोग आदि बीमारियों के उपचार हेतु तैयार की जाने वाली दवाईयों और नुख्सों का वे स्वयं अपनी देख-रेख में पारंपरिक पद्धतियों से तैयार करते हैं।

### सीजी-12 पासिंग वाहनों को टोल फ्री करें- मधुसूदन



**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसूदन दास के नेतृत्व में जिले में संचालित टोल में सीजी-12 पासिंग वाहनों के टोल को फ्री करने की मांग को लेकर एनएचआई अधिकारी को पत्र सौंपकर जल्द से जल्द समस्या की निराकरण की मांग की गई है।

मधुसूदन दास ने कहा कि जिले में पडऩे वाले टोल प्लाजा जो कि बगदेवा, कोरबी, रजकम्मा के समीप अभी प्रारम्भ हो गया है और भी बाकी टोल प्लाजा चांपा रोड में भी शुरू होने वाला है, नेशनल हाईवे के आस-पास घनी आबादी एवं आस-पास के निवासियों का आना-जाना 24 घंटे लगा रहता है। जितनी बार वाहन पार किया जाए, उतनी बार टोल वसूली किया जाता है। अगर कोई ग्रामीण को दिन भर में 3 से 4 बार जाना पड़े तो उतने बार टोल टैक्स देना पड़ता है जो कि आमजनों के जेब पर बहुत बड़ा डाका है। क्षेत्र के निवासी अधिकतर किसान हैं जिनकी आवक सीमित होती है। राजनांदगांव, भिलाई सहित अन्य जिलों में लोकल गाडिय़ों के लिए टोल माफ है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि जिले में टोल प्लाज़ा में कोरबा पासिंग घरेलू वाहनों एवं स्थानीय निवासी का टोल को निन्शुल्क किया जाए ताकि क्षेत्र के निवासियों को तकलीफ न उठाना पड़े। एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही नहीं होने पर युवा कांग्रेस आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मंदीप शर्मा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष बंटी प्रजापति, ज़िला संयोजक विवेक महंत (वेंडी), ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मारवा, रूपांक सिंह राजपूत, रोहन चौहान, राहुल साव, विक्रम चौहान उपस्थित थे।

## सरगबुंदिया कोल साइडिंग के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत



**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। सरगबुंदिया रेल्वे स्टेशन में कोल साइडिंग एवं बरपाली बस स्टैण्ड से स्टेशन रोड में कोल परिवहन तत्काल बंद कराने के लिए एकजुट ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीने से सरगबुंदिया रेल्वे स्टेशन को कोल साइडिंग बना दिया गया है एवं बरपाली बस स्टैण्ड से स्टेशन रोड को कोल परिवहन मार्ग में परिवर्तित कर दिया गया है। इससे ग्रामवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरगबुंदिया रेल्वे साइडिंग से बरपाली के अलावा आसपास के गांव बंधवाभांठा, सलिहाभांठा, सरगबुंदिया, डोंगरीभांठा आदि भी प्रभावित हो रहे हैं। सभी गांवो की जनता कोल डस्ट से परेशान हो गई है साथ ही कृषि भूमि पर भी असर पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2010 में तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा इस मार्ग में कोयला परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद इसके इस मार्ग में कोयला परिवहन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। जिस मार्ग से कोयला परिवहन किया जाता है उस मार्ग में दो स्कूल, दो बैंक के अलावा आवासीय क्षेत्र है। कोल परिवहन से ग्रामीणों के साथ-साथ छोटे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उक्त समस्या से पहले भी ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है किन्तु प्रशासन द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। बरपाली सरपंच सुमित्रा व सलिहाभाठा सरपंच प्रभा कंवर सहित ग्रामीणों महेन्द्र महतो, विकास कुमार सिंह, देव महतो, देवराज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विनोद महतो, उमेश महतो, आशीष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, लखन गोस्वामी, पिताम्बर, गोविंद नारायण आदि ने कहा है कि यदि कार्यवाही नहीं होती है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यदि एक सप्ताह में सरगबुंदिया कोल साइडिंग को बंद करते हुए कोल परिवहन पर रोक नहीं लगाई गई तो ग्रामवासी उग्र आंदोलन करने हेतु मजबूर होंगे।

### नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

**कोरबा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि बिलासपुर के 8 खिलाडिय़ों सहित रेफरी महेश देवांगन, टीम कोच सत्येंद्र पटेल के साथ कोलकाता के लिए रवाना हुई है। वे वहां नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम ने दिशा सिंह, अजय सिंह ठाकुर, दोमेंद्र प्रताप, पंकज सिंह ठाकुर, दिव्यांशु पोर्ते, निखिल पैकरा, मुंगेली से अभिषेक तिवारी 18 से 21 अगस्त तक खुदीराम बोस इंडोर स्टेडियम कोलकाता में चैंपियनशिप में भाग लेंगे। सभी खिलाडिय़ों को टी एन रेड्डी, अभिषेक वर्मा, बृजेश चौरसिया, गिरी राव, भरतलाल साहू, शेख वसीम, राम कुमार पाण्डेय ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

# एनटीपीसी में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**कोरबा-जमनीपाली,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी में 77वां स्वतंत्रता दिवस पर परियोजना प्रमुख बी रामचंद्र राव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सामूहिक राष्ट्रगान और एनटीपीसी गीत गाया गया। मुख्य अतिथि एवं सीआईएसएफ के जवानों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गयी। मुख्य अतिथि ने परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया।

परियोजना प्रमुखा बी रामचंद्र राव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पीईएम स्कोर में हमारी परियोजना एनटीपीसी कोरबा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। हम रिन्यूवल ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। हमारी कम्पनी एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 73024 मेगावॉट तक की हो गयी है। वर्ष 2020-21 के दौरान, एनटीपीसी कोरबा ने 93.66 प्रतिशत पीएलएफ पर बिजली उत्पादन कर भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 2021-22 के दौरान इसका पीएलएफ 93.28 प्रतिशत रहा और ऑल इंडिया रैंकिंग फिर से दूसरे स्थान पर रही और हाल ही में, 2022-




23 के दौरान इसका पीएलएफ 91.15 प्रतिशतरहा और ऑल इंडिया रैंकिंग तीसरे स्थान पर रही। हालाँकि, इस पूरी अवधि में एनटीपीसी कोरबा एनटीपीसी लिमिटेड में नंबर एक स्थान पर रहा।

उन्होंनें जोर देते हुए बताया कि एनटीपीसी कोरबा परियोजना पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखती है, इसीलिए समय-समय पर वृक्षारोपण किये जाते हैं। नैगम सामाजिक दायित्व के तहत पहाड़ी कोरवा एवं अन्य को तीरंदाजी का प्रशिक्षण, जिला स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप में वित्तीय सहायता, किक बॉक्सिंग के आयोजन में खेल उपकरण की व्यवस्था, मैत्री महिला समिति के संयुक्त तत्वाधन में परियोजना प्रभावित/आसपास के गाँव चारपारा, कोहडिय़ा और जमनीपाली इंदिरा नगर में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना प्रभावित ग्रामों के स्कूलों में कक्षा पाँचवी में पढऩे वाली 120 बालिकाओं के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत1 माह का पूर्णतः आवासीय कार्यशाला किया गया।

मोबाइल हेल्थ क्लीनिक से अभी तक लगभग 5000 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के हाट बाजार योजना में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करनाने हेतु भागीदारी निभाई जा रही है। एनटीपीसी सीएसआर द्वारा नेशनल बैडमिंटन प्लेयर हर्षित ठाकुर को 40 हजार रुपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान किया जा रहा है।

CMYK



## सार-संक्षेप

### संभागायुक्त व आईजी ने युवा भेंट मुलाकात कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



**अम्बिकापुर** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सरगुजा संभाग में युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम आगामी 22 अगस्त को संभावित है। इसी कड़ी में तैयारियों का निरीक्षण करने गुरुवार को सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी और आईजी अंकित गर्ग पीजी कॉलेज, हॉकी स्टेडियम में पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएल ध्रुव एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्रीमती शिखा ने कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच की तैयारी, युवाओं एवं आगंतुकों के बैठक व्यवस्था, उनके आवागमन, भोजन पानी की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग सहित समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय पर गुणवत्ता पूर्ण रूप में पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली।

गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा युवाओं से सीधे संवाद की अनोखी पहल की गई है जहां युवा सीधे मुख्यमंत्री से अपने मन की बात कह रहे हैं। प्रदेश में पांच संभागों में से चार संभाग में सफलतापूर्वक युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। अब अगली और अंतिम कड़ी में सरगुजा में मुख्यमंत्री युवाओं से भेंट मुलाकात करेंगे।

### स्वस्थ रहना हमारी पहली प्राथमिकता - संजय गिरि



**मनेन्द्रगढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। हम सभी लोग सदा स्वस्थ रहना चाहते है। सच पूछो तो हमारा भविष्य पूरी तरह से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। प्राचीन ऋषियों का भी कहना है कि सब कुछ छोड़कर सर्वप्रथम अपने शरीर के स्वास्थ की रक्षा करनी चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही संसार में अपने सभी कार्यों को भलीभांति कर सकता है। अत: स्वस्थ रहना हमारी पहली आवश्यकता है। उक्त बातें युवा भारत के राज्य सोशल मीडिया प्रभारी योग सेवक संजय गिरि नें बुधवार को मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के घुटरा संकुल के अंतर्गत माध्यमिक शाला मुसरा में आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस पखवाड़े के अवसर पर वृक्षारोपण के दौरान विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों से कही।

इस दौरान गिरि नें बच्चों व् शिक्षकों को ओउम व गायत्री मंत्र के सही उच्चारण के साथ प्राणशक्ति का महत्व बताते हुए कुछ प्रमुख प्राणायाम के अभ्यास कराये। जिसे सभी नें बड़े आनंद से किया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामसहोदर नें बच्चों को ध्यान के महत्व बताते हुए नित्य ही योग प्राणायाम किये जाने की बात कही। उन्होंने ने कहा कि इससे हमारा ध्यान पढ़ाई में अच्छे से लगता है। कार्यक्रम में महिला योग शिक्षिका बिन्ती अग्रवाल ने भी उपस्थित छात्राओं को जीवन शैली के टिप्स बताते हुए हमें जीवन की झंझावतों के बीच कैसे योग से संतुलन बनाये रखना है, यह विस्तार से बताया। इस दौरान योग सेवक संजय गिरि नें च्च शिवोहम- शिवोहमज्ज भजन प्रस्तुत कर बच्चों व शिक्षकों को मन्त्र- मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों, शिक्षकों व युवा भारत- भारत स्वाभिमान परिवार नें वृक्षारोपण किया ।विदित हो कि इस विद्यालय में ज्यादातर बच्चे चेरवा, पंडों रजवार व् अन्य पिछड़े जनजाति बाहुल्य क्षेत्र से आते है। कार्यक्रम के लिए माध्यमिक शाला मुसरा के प्रधान पाठक दिलीप गुप्ता ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक दिलीप गुप्ता, शिक्षक अनिरुद्ध द्विवेदी, साहल राम, अरदली सिंह, श्रवण कुमार व भारत स्वाभिमान-युवा भारत के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**मनेंद्रगढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनजागरूकता शिविर का आयोजन गया। इस दौरान एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा ने मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक उम्र के नवीन मतदाताओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें ईवीएम मशीन में मत सत्यापन रिकॉर्ड करने वाली वीवीपैट के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं के द्वारा ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट का अवलोकन करते हुए मतदान का अभ्यास किया गया और मतों का गणना कर जानकारी प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने मतदान के संबंध में भाषण और कविता पाठ के माध्यम से लोगों को निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया का संदेश दिया। कार्यक्रम में मतदान के संबंध में च्िज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मतदान प्रक्रिया को नज़दीक से देखकर छात्र खुश हुए। इस प्रकार सभी विकासखंड में डेमो के द्वारा मतदाताओं और छात्रों को वोट डालने की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

# झुमका जलाशय पर्यटन मानचित्र में होगा शामिल

## पर्यटक लेंगे हाउस बोट व शिकारा बोट का आनंद

### छत्तीसगढ़ का पहला शिकारा बोट



**बैकुण्ठपुर**, 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रकृति के गोद में बसे और हरियाली की चादर से ढंके छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के झुमका जलाशय शीघ्र पर्यटन के मानचित्र में शामिल होगा। आज कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने झुमका जलाशय में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए हाऊस बोट, शिकारा बोट निर्माण का भूमिपूजन किया। जिला प्रशासन कोरिया ने पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरे झुमका जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य योजना तैयार की है ताकि जिले और छत्तीसगढ़ सहित देश के पर्यटक भी बड़ी संख्या में झुमका बांध पहुंच सके। विदित हो कि 350 हेक्टेयर में फैले झुमका बांध को देखने यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है। विगत वर्ष 'झुमका महोत्सव' बहुत ही धूमधाम से मनाया गया था, जिसमें जिले सहित आसपास के हजारों पर्यटक यहां पहुंचे हुए थे। आज झुमका जलाशय के लिए लगभग तीन करोड़ रूपए की लागत से दो हाउस बोट एवं पांच शिकारा बोट का भूमिपूजन किया गया। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने इस

अवसर पर कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि प्रकृति की इस अनमोल धरा पर अब संभवत: छत्तीसगढ़ का पहला शिकारा बोट इस झुमका जलाशय में होगा। श्रीमती महंत ने यह भी कहा अब कश्मीर, केरल जाने के बजाय कोरिया आकर शिकारा बोट का लुफ्त उठाएंगे। साथ ही यह झुमका जलाशय बालीवुड व छालीवुड के लिए भी काफी उपयोगी साबित होगी, उन्होंने हेलीपेड भी बनाने की बात कही ताकि देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच सके। शिकारा बोट किसे कहते हैं-शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है, जो मुख्यत: जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर शहर की डल झील में प्रयोग में लाई जाती है। जम्मू कश्मीर के अलावा शिकारे जैसी नावें केरल राज्य में भी प्रयोग की जाती है। भूमिपूजन के अवसर पर संसदीय सचिव श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने कहा कि झुमका जलाशय में पर्यटकों के लिए तमाम सुविधा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ऐसे में यहां के रखरखाव की जिम्मेदारी हम सबकी है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि इस खूबसूरत झुमका जलाशय में जो विकास कार्यों की भूमिपूजन हो रहा है, वह कोरिया वासियों को समर्पित हैं। हाउस बोट एवं शिकारा बोट हो जाने से छत्तीसगढ़ व देश के पर्यटक भी बड़ी संख्या में यहां आएंगे साथ ही उन्होंने यह भी कि स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाएगा। झुमका बांध में बांस से बने रेस्टोरेंट, शुलभ शौचालय, बच्चों के लिए खेल मैदान, आइसलैण्ड, उद्यान, मोटर बोट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। भूमिपूजन के अवसर पर कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रतीक गुप्ता, योगेश शुक्ला, नजीर अजहरअशोक जायसवाल, अनिल जायसवाल, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, श्रीमती संगीता राजवाड़े,चन्द्रप्रकाश राजवाड़े, विनोद शर्मा, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू, विनय कुमार कश्यप, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.टोप्पो सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व नगरवासी उपस्थित थे।

## छात्रों ने रैली के साथ विधायक जायसवाल से की मुलाकात



**चिरमिरी** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आज मनेन्द्र गढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त महाविद्यालय - शासकीय लाहिडी पीजी ,चिरमिरी, माँ महामाया नवीन महाविद्यालय, खड़गवां, के0बी0पटेल कॉलेज, विवेकानंद महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के 489 छात्रों के हस्ताक्षर व 232 छात्रो ने *छात्र- अधिकार-रैली* के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम व विधायक जी से महत्वपूर्ण मांगो को रखा ।जिसमे मुख्यत: (1).2 व 3 विषयो में अनुत्तीर्ण छात्रों को पूरक परीक्षा में बैठने की अनुमति,1 विषय मे पूरक छात्रों को जनरल प्रमोट करने।

(2)शासकीय लाहिडी महाविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास,अंग्रेजी,गणित में पीजी की नियमित कक्षाओं की अनुमति देने। (3)महाविद्यालय में डोम निर्माण व आडिटोरियम निर्माण करवाने के संबद्ध के साथ साथ खड़गवां कॉलेज में पूर्व में घोषणा करे गए कार्यो को करवाने के संबद्ध में ज्ञापन दिया, जिसमे विधायक विनय ने मुख्यमंत्री जी घोषणा करवाने व मांग को पूरी करवाने का अश्वासम दिया। कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय के छात्रों के साथ ही सुदर्शन नायक,नारायण गुप्ता,संजय सिरदार,कल्याण राव,चंदन,शुभम सलूजा, अमित जायसवाल,शुशांक,जैगम,शमा परवीन,सजना सेट्ठी, कंचन सोंधिया का विशेष योगदान मिला।

## जिला पंचायत कार्यालय में रेणुका ने किया ध्वजारोहण



**बैकुण्ठपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कोरिया में अध्यक्ष रेणुका सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, सदस्य वंदना राजवाड़े उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर प्रात: साढ़े सात बजे जिला पंचायत अध्यक्ष सिंह ने जिला पंचायत कोरिया में ध्वजारोहण किया राष्ट्रगान के पष्चात जिला पंचायत के मंथन कक्ष में जिला पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों को अपना शुभकामना संदेष देते हुए कहा कि आजादी के वीर बलिदानियों को याद करने के लिए ही स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। हमें अपनी आजादी के लिए कई सालों तक देष के अनगिनत सपूतों की आहुति देनी पड़ी है तब हम अपने देष को आजाद करा पाए हैं इसकी रक्षा के लिए हमें सदैव सजग और तत्पर रहकर देषहित में काम करना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने भी अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अमृत काल में देष पूरी गति के साथ अपनी तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन कर इस गति को और तेज करना होगा ताकि हमारा प्रदेश और प्रदेशों से मिलकर बना यह देश जल्द विकास की उचांई को पा सके।

## मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु लगातार अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को विकासखण्ड मैनपाट के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बंदना के छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर लोगों में निर्वाचन के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया तथा अम्बिकापुर के के. आर. टेक्नीकल कॉलेज में मानव श्रृंखला के माध्यम से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही वोटर की आकृति बनाकर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड उदयपुर के शासकीय हाई स्कूल चकेरी में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मनेंद्रगढ़** 17 अगस्त (देशबन्धु)।/ स्वतंत्रता दिवस के 76 वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मनेंद्रगढ़ के आमाखेरवा एसईसीएल स्टेडियम में 15 अगस्त 2023 को आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी के साथ परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि विधानसभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने ध्वजारोहण के पश्चात जनता को संदेश वाचन किया। उन्होंने कहा कि मनेंद्रगढ़ का हसदेव क्षेत्र हमारे लिए त्रिदेव के आशीष के समान है। अमृतधारा झरना और रमदहा झरना की सुंदरता पर्यटकों का मन मोह लेती है। स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर मैं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के महान सपूतों को महान विभूतियों को सादर नमन करता हूँ जिन्होंने देश प्रेम की मिशाल पेश की। विश्वस्तरीय कोयला खदानों से परिपूर्ण नवगठित मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ज़िले में विकास और उन्नति की अनंत संभावनाएँ विद्यमान हैं। इसके पश्चात कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने जनता के नाम मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया। संदेश वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. महंत ने शांति के प्रतीक कपोत और रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाए और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।



## विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ में लहराया तिरंगा



**मनेन्द्रगढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वतंत्रोत्सव मनाया गया।

विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेन्द्रगढ़ में 77 वीं स्वतंत्रता उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ ध्वज वंदन के बाद राष्ट्रगीत के साथ ध्वजारोहण गया। उसके बाद प्रभात फेरी निकाली गयी। विजय इंग्लिश स्कूल अपनी परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष प्रभात फेरी लेकर नगर के जयस्तम्भ चैक पहुँच कर देश के वीरों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके पश्चात प्रभात फेरी वापस विद्यालय पहुँची जहाँ विद्यालयीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये ।कार्यक्रम के अंतर्गत गीत, कविता, नृत्य व भाषण आयोजित किया गया जिसमें रोहित राज, श्रुति, सानिया, अमातुल्ला सैफी, फातिमा सैफी ने भाषण, अफशा, आदित्य, अरहान और निम्मी ने देश भक्ति से ओतप्रोत कविता, मालविका सोरेन, मानसी एवं समूह, पी0 महिमा, सौम्या एवं समूह, श्रुति एवं समूह, प्रिया एवं समूह और श्रेया एवं समूह ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया तो सिम्मी सिंह और काजल ने देशभक्ति स्लोगन प्रस्तुत किया। नर्सरी सेक्शन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्तों और भारत माता का वेश बना कर फैन्सी ड्रेस में आये और देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अरूणिमा सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए आजादी के महत्व व उसको प्राप्त करने के लिए शहीदों के शहादत को याद किया। शिक्षिका श्रीमती शुभ्रा भट्टाचार्य ने भी बच्चों को सम्बोधित कर देशभक्त शहीदों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की छात्राओं शिप्रा तिवारी, श्रुति मंगतानी और शिक्षक राकेश मिश्रा व शिक्षिका पूनम सोरेन ने किया।

## एकेडेमिक हॉइट्स के बच्चे पर्यावरण अनुसंधान प्रयोगशाला से हुए रूबरू

**मनेन्द्रगढ़**, 17 अगस्त (देशबन्धु)। एकेडेमिक हॉइट्स पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ के कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थी झागराखाण्ड स्थित भारत का दूसरे सबसे बड़े पर्यावरण अनुसंधान प्रयोगशाला में जाकर वहाँ के पदाधिकारी कमल किशोर मैनेजर, अरुण कुमार, आशीष बर्नवाल, श्री संदीप क्षेत्रपाल, जुबैद खान सहायक वैज्ञानिक से इस प्रयोगशाला में स्थापित उपकरण जैसे- एटोमिक एब्जोर्प्शन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, माइक्रोवेव डाइजेस्टरए माइक्रो बैलेन्स, बॉड इन्कम्बेटर, कोड ट्राइजेस्टर, नोज लेवल मीटर, पी.एच. मीटर इत्यादि का कार्य करते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखकर उनके उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## मितान ने प्रिया के घर पहुंचाया निवास प्रमाण पत्र



**अम्बिकापुर** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के गांधी नगर निवासी श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव को विवाह के बाद निवास प्रमाणपत्र बनवाना था। उन्होंने बताया कि प्रमाणपत्र बनवाने हेतु आवेदन भी दिया, नौकरी एवं अन्य कारणों से कार्यदिवस में शासकीय कार्यालय जाने में असुविधा होती थी। जिसके कारण इतने समय होने के बाद भी निवास प्रमाणपत्र बन नहीं पाया था, उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें मुख्यमंत्री मितान योजना के बारे में जानकारी मिली, उन्होंने टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल किया और कॉल करने के बाद उन्होंने 17 जुलाई 2023 को प्रमाण पत्र के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज मितान को दिया, दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर मितान की मदद से दस्तावेज पूरे भी किए गए। 21 जुलाई को मेरा निवास प्रमाणपत्र बनकर तैयार हो गया और मितान ने 23 जुलाई को स्वयं घर आकर मुझे मेरा प्रमाणपत्र दिया।

उल्लेखनीय है कि राज्य में आमजनों को समय, पैसा और अतिरिक्त श्रम से राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग की इस योजना के माध्यम से अब तक बहुत से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला है। लोगों को शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बार-बार नगर निगमों, तहसीलों और अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े, इसी सोच के साथ राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई है।

जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सहित अनेक तरह के दस्तावेज कराए जा रहे उपलब्ध- मितान योजना के अंतर्गत घर बैठे मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, नया राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड ट्रांसफर/सरेंडर, राशन कार्ड सुधार, नया राशन कार्ड एपीएल, राशन कार्ड गुम केस, राशन कार्ड में नाम जोड़ना/काटना, नया बीपीएल राशन कार्ड बनाने की सुविधा इस योजना के तहत प्रदान की जा रही है ।तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं और टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं ।

# वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने लगाई उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला



**अम्बिकापुर** 17 अगस्त (देशबन्धु)। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, औद्योगिक नीति 2019-24, छत्तीसगढ़ महिला उद्यमिता नीति 2019, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों का प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु गुरूवार को एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन अम्बिकापुर के लाईवलीहुड कॉलेज के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री अरविन्द सिंघानिया, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री रामलाल एक्का, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला रोजगार अधिकारी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री संतोष सिंह सहित उद्यमी उपस्थित थे।

विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाने एवं औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने हेतु प्रसार-प्रसार एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से किया आयोजित किए गए कार्यशाला में महाप्रबंधक श्री रामलाल एक्का द्वारा ने अधिक लाभ लेने के संबंध में उद्यमियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जिला प्रबंधक ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत संबंधित बैंक हितग्राहियों के प्रकरणों को स्वीकृत एवं वितरित करने का कार्य किया जा रहा है, इस हेतु हितग्राहियों को योजना के बारे में समग्र रूप से जानकारी होना आवश्यक है। इस दौरान ऋण स्वीकृत एवं वितरण करने में बैंकों में आने वाले समस्याओं एवं उसके निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित उद्यमियों, युवा बेरोजगारों, छात्र -छात्राओं को प्रदान की गई, साथ ही स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री संतोष सिंह ने कहा कि औद्योगिक दृष्टि से सरगुजा जिले को सम्पन्न करने हेतु विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी लोगों को होना आवश्यक है, कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों में जागरूकता लाना है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में होने वाले तकनीकी दिक्कतों को बारीकियों से अवगत कराया गया । कार्यशाला में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का पम्पलेट एवं ब्रोसर वितरित किए गए

# महेश साहू खरसिया से भाजपा प्रत्याशी

**खरसिया,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। खरसिया विधानसभा में लगातार सक्रिय महेश साहू प्रदेश की सबसे हॉट सीट खरसिया विधानसभा से इस बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी होंगे महेश साहू विगत 12 वर्षों से साहू समाज के जिलाध्यक्ष रहे। अभी साहू समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हैं।



महेश साहू लगातार 20 वर्षों से समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं । बगैर किसी पद पर रहते हुए भी उनकी बातें प्रशासन तंत्र द्वारा सुनी जाती है। विगत विधानसभा चुनाव में ओपी चौधरी के मुकाबले की तरह है इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है। खरसिया विधानसभा में लगभग 18 हजार साहू समाज के वोटर हैं वही अघरिया समाज के 20 हजार, कलार समाज के 10 हजार, माली पटेल समाज के 10 हजार वोटर तथा मारवाड़ी समाज के लगभग 5 हजार वोटर है । इन सब के साथ आदिवासी समाज में भी महेश साहू एक परिचित नाम है ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा द्वारा इस बार जातिगत समीकरण साधते हुए महेश साहू को आजमाया जा रहा है।

# कालाबाजारी के लिए भंडारित 465 बोरी खाद जब्त

## कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई

**जांजगीर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम रनपोटा का मामला कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कालाबाजारी करने वाले पर धरपकड़ कार्रवाई किया जा रहा है। विगत दिवस मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम रनपोटा में कालाबाजारी के लिए भंडारित 465 बोरी खाद को जब्त किया गया है।




कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन पर जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कृषि विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर सक्ती के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खाद की कालाबाजारी करने वाले पर सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। ग्राम रनपोटा में खाद का अवैध भंडारण होने की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर सक्ती के द्वारा मौके पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम को रवाना किया गया। ग्राम रनपोटा के काम्प्लेक्स में 275 बोरी यूरिया तथा 190 बोरी जिंकेड सुपरफास्फेट का अवैध भंडारण पाया गया। इस खाद का बाजार मूल्य 1 लाख 62 हजार 500 रुपए है। काम्प्लेक्स मालिक नूतन पटेल ग्राम मरघट्टी मौके पर उपस्थित नहीं हुआ। तहसीलदार एवं खाद निरीक्षक की उपस्थिति में ताला तोड़कर खाद की बोरियों की गिनती करके जप्त कर सीलबंद कर दिया गया। इस जगह पर खाद भंडारण का किसी भी प्रकार का वैधानिक लायसेंस नहीं पाया गया। प्रथम दृष्टया में खाद का कालाबाजारी करने के लिए भंडारित किया जाना पाया गया है। उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि खाद का कालाबाजारी करने वाले अथवा अवैध भंडारण करने वाले पर सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। जांच पड़ताल निरंतर जारी रहेगा। जिले के सभी विक्रय परिसर का निरीक्षण भी किया जायेगा। उक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार अनुराग भट्ट, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वतन जाधव, उर्वरक निरीक्षक कृष्णा पैंकरा, पटवार दिनेश पटेल, ग्राम कोटवार जगदीश चौहान एवं पूर्व सरपंच सुखी राम कश्यप उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जांजगीर, 17 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदा परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जावलपुर के अटल समरसता भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। अटल समरसता भवन से अम्बेडकर चौक तक छतरी रैली निकाली गई एवं नवविवाहित वधूओं को श्रीफल देकर सम्मान किया गया। मतदान संबंधी मेंहदी लगाकर मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को मतदान हेतु शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मीराव बाकोड़े परियोजना अधिकारी बलौदा, समस्त पर्यवेक्षक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिका, समूह की महिलाए उपस्थित थी।

## पेण्ड्री माइनर का सी.सी. लाईनिंग, जीर्णोद्धार

**जांजगीर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत पेण्ड्री माइनर का सी.सी. लाईनिंग, जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण, पक्के कार्य के लिए लागत रूपये 101.23 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इंजी. रवि पाण्डेय के प्रयास से हुआ। इस योजना से 201 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र मे सिंचाई का पुर्नस्थापना किया जाना है। उक्त कार्यो से खेतों की सिंचाई करने मे किसानों को सुविधा होगी।

पेंड्री सोसाइटी अध्यक्ष शिव कश्यप के द्वारा प्रदेश कांग्रेस सचिव इंजी. रवि पाण्डेय के संज्ञान में लाया गया। इंजी. पाण्डेय ने विभागीय मंत्री रवींद्र चौबे को किसानों की माँगों से अवगत कराया और विभागीय मंत्री ने तत्काल किसानों के हित में निर्णय लेते हुए राशि की स्वीकृति कराई आज क्षेत्र के किसान हीरालाल कश्यप, कैलाश कश्यप, प्रद्युमन कश्यप, समारू कश्यप, रामस्वरूप कश्यप, बलराम भार्गव, महारथी कश्यप, पुटुलाल यादव, राजेन्द्र कश्यप, सोसाइटी अध्यक्ष शिव कश्यप ने आभार जताया।

# सार-संक्षेप

## विधायक ने मुख्यमंत्री मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ



**सारंगढ़** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत चलने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट के नये यूनिट का सारंगढ़ङ्कबिलाईगढ़ जिले में शुभारंभ विधायक उतरी गनपत जांगड़े ने किया। इस कार्यक्रम में नवीन मोबाइल यूनिट को पूजा अर्चना के साथ हरी झंडी एवम रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजीव पांडेय सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सूरज तिवारी संजय दुबे गोल्डी नायक राधे जायसवाल उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार पार्षदगण सरिता गोपाल किरण नंदू मल्होत्रा शुभम बाजपेयी अजय बंजारे बाबू स्वर्णकार नगरपालिका सारंगढ़ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इससे पहले जिले में 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यरत थे।जिसकी शुरुआत 2 अप्रैल से हुई,जिसके माध्यम से पूरे जिले में 44,239 हितग्राहियों का निशुल्क उपचार एवम 17,930 का निशुल्क लैब टेस्ट किया किया गया है।जिसमे केवल सारंगढ़ में ही 16,056 हितग्राहियों का निशुल्क उपचार एवम 7,066 का निशुल्क लैब टेस्ट किया गया है।नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट के जुड़ने से कैंप की संख्या बढ़ेगी जिससे हितग्राहियों की सुविधा भी बढ़ेगी।

## कलेक्टर - एसपी ने कोटमीसोनार व अकलतरा के मतदान केन्द्रों और स्कूलों का किया निरीक्षण



**जांजगीर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कोटमीसोनार व अकलतरा में विभिन्न मतदान केन्द्रों और स्कूलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बीएलओ से मतदान केन्द्रों की संख्या, कुल मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी ली एवं पुनरीक्षण अभियान के तहत 31 अगस्त तक नियमित रूप से आवेदन जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं से संपर्क उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए गांव में परिवारों व मतदाताओं की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह कार्य पूर्ण करने और पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने कहां और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मतदान केन्द्रों में रैम्प, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

## सद्भावना फुटबॉल मैच की विजेता बनी प्रशासनिक एकादश की टीम

**जांजगीर**, 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में प्रशासनिक एकादश और नागरिक एकादश टीमों के बीच सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में प्रशासनिक एकादश 5-4 गोल से विजेता रही। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रशासनिक टीम के नीर निधि नंदेहा एसडीएम चांपा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, कृषि मंडी अध्यक्ष ब्यास नारायण कश्यप, देवेश सिंह, कमलेश सिंह ठाकुर, रफीक सिद्धकी, सभापति रामविलास राठौर, प्रिंस शर्मा एवं पार्षदों की उपस्थिति में मैच आरंभ हुई। सद्भावना मैच में दोनो टीमों ने अच्छे तालमेल के साथ खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 1-1 गोल पर बराबरी पर रहे। मैच का निर्णय पेनल्टी सूट आउट से हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने 3-3 गोल किए मैच का परिणाम सदन डेथ पर दोनों ही टीम के 1-1 खिलाड़ी को गोल करने का मौका मिला। जिस पर एसडीएम चांपा नीर निधि नंदेहा ने गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी। कार्यक्रम उपरांत विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक सिसोदिया ने व आभार प्रदर्शन खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद सिंह बैस ने किया।

# कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी ने वन टू वन चर्चा कर टटोली नब्ज

## आठ विधानसभा पार्टी सीटों पर जनपद, जिला पंचायत एवं नगरीय निकाय के निर्वाचित सदस्यो ने रखी बात

जांजगीर, 17 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा आज जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में जांजगीर लोकसभा अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा के पार्टी संगठन पदाधिकारी एवं जनपद जिला पंचायत एवं नगरीय निकाय के निर्वाचित सदस्यों से वन-टू -वन चर्चा कर संभावित प्रत्याशी के संबंध में राय जानी। यह प्रक्रिया बंद कमरे में सुबह 11 से शुरू हुई थी जो देर रात तक चलती रही ।



### सर्किट हाउस में हुआ हंगामा

शाम होते -होते सर्किट हाउस में उस समय हंगामा शुरू हो गया जब प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पामगढ़ विधानसभा के पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर रही थी, इसी दौरान पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू अंदर जाने लगे जिन्हें संगठन के लोगों द्वारा यह कहते हुए रोका गया कि अकलतरा विधानसभा की बारी आने पर आप चले जाएंगे,अभी विधानसभा पामगढ़ के कार्यकर्ताओं की राय मशविरा प्रदेश प्रभारी ले रही है। इसी बात को लेकर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक के बीच कहा सुनी शुरू हुई और कार्यकर्ता तैश में आकर नारेबाजी व हंगामा करने लगे। मामला बिगड़ता देख पुलिस को दखल देनी पड़ी तब जाकर स्थिति सामान्य हुई।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी शैलजा कुमारी के जांजगीर आगमन की सूचना पूर्व से ही पार्टी के लोगों को दी जा चुकी थी, यह भी बताया गया था कि रायशुमारी के दौरान केवल संबंधित ही अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे, बावजूद इसके नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी जांजगीर पहुंचे थे जिसके चलते सर्किट हाउस के आसपास गहमागहमी का माहौल दिन भर बना रहा । वैसे भी टिकट की दावेदारी कर रहे लोगों ने अपने पक्ष में माहौल बनाने लाबिंग करने से पीछे नहीं रहे। दावेदार संगठन पदाधिकारी से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तक अपने पक्ष में राय रखने का निवेदन अंत तक करते रहे। हालांकि प्रदेश कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलजा कुमारी कमरे में वन-टू -वन मीटिंग रखी थी जिसके चलते कार्यकर्ता अपनी बात बंद कमरे में बेबाकी से रखें। जिसे संगठन प्रभारी ने गौर से न सिर्फ सुना बल्कि उन्हें नोट भी की है। अब देखना यह होगा की इस बार चुनाव में प्रत्याशी घोषित करने के दौरान इस प्रक्रिया का कितना महत्व रह पाता है।

# उर्वरक विक्रेता का अकलतरा गोदाम सील

## जिला स्तरीय निरीक्षण दल की कार्रवाई

**जांजगीर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मेसर्स आर. के. ट्रेडर्स अकलतरा के द्वारा मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक का विक्रय करते पाया गया साथ ही मेंसर्स के कीटनाशक विक्रय स्थल का निरीक्षण करने पर आसवान तिथि समाप्त हुए उत्पाद विक्रय करते पाये गये और अनुज्ञप्ति में दिये गये कम्पनी के अरिरिक्त अन्य कम्पनियों के उत्पाद विक्रय करने पर कीटनाशक अधिनियम के तहत आसवान तिथि समाप्त एवं अन्य उत्पाद पर जप्ती नामा की कार्यवाही गई साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उर्वरक सुपर 1260 बोरी, पोटाश 508 बोरी सुपर दानेदार 620 बोरी उर्वरकों के गोदाम को सील बंद किया गया



उप संचालक कृषि, जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी, उर्वकर निरीक्षक अकलतरा संयुक्त दल द्वारा 16 अगस्त को विकासखण्ड अकलतरा में संचालित अनुज्ञप्तिधारी विक्रेताओं के प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाये जाने पर 1 प्रतिष्ठान को सील बंद किया गया और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मेसर्स आर. के. ट्रेडर्स अकलतरा के द्वारा मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक का विक्रय करते पाया गया साथ ही मेंसर्स के कीटनाशक विक्रय स्थल का निरीक्षण करने पर आसवान तिथि समाप्त हुए उत्पाद विक्रय करते पाये गये और अनुज्ञप्ति में दिये गये कम्पनी के अरिरिक्त अन्य कम्पनियों के उत्पाद विक्रय करने पर कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के तहत आसवान तिथि समाप्त एवं अन्य उत्पाद पर जप्ती नामा की कार्यवाही गई साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में दिये गये प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उर्वरक सुपर 1260 बोरी, पोटाश 508 बोरी सुपर दानेदार 620 बोरी उर्वरकों के गोदाम को सील बंद किया गया उक्त कार्यवाही में जिले के उप संचालक कृषि एम.डी.मानकरअधिकारी श्रीमती नीलम आजाद, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पंकज पटेल, उर्वरक निरीक्षक अकलतरा संतोष कुमार सोनी,सूरज राठौर एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

# प्रशासन तुँहर द्वार शिविर चोरिया में सम्पन्न

**जांजगीर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत चोरिया में प्रशासन तुंहर द्वार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 59 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया है। शिविर में महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया।

# 10 अलग-अलग आरोपियों से प्लेन व महुआ शराब जब्त

जांजगीर, 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वालों की धर पकड़ कार्यवाही में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले पुलिस ने बताया कि 16 अगस्त को थाना/चौकी स्तर पर अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे आरोपीगण राजीव उर्फ संजू राठौर उम्र 22 साल निवासी पुटपुरा थाना जांजगीर के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब,धरम लाल सूर्यवंशी उम्र 40 साल निवासी कनाईबंद चौकी नैला से 14 लीटर,दिलीप कुमार कटकवार उम्र 32 साल निवासी बलौदा से 10 लीटर महुआ शराब ,शिव लाल पटेल उम्र 40 साल निवासी पड़रिया थाना अकलतरा से 09 लीटर देशी शराब,गोल्डन उर्फ सुकनंदन रात्रे उम्र 30 साल निवासी नरियारा थाना मुलमुला से 10 लीटर महुआ शराब,देव चरण धीवर उम्र 38 साल निवासी महंत थाना नवागढ़ से 10 लीटर महुआ शराब,राजकुमार उम्र 35 साल निवासी साबरिया डेरा हथनेवरा थाना चांपा से 07 लीटर



महुआ शराब,राजेंद्र कुमार कश्यप उम्र 25 साल निवासी कांड्रा चौकी पंतोरा से 15 लीटर महुआ शराब,राजकुमार धनुहार उम्र 24 साल निवासी खपरीडीह थाना बम्हनीडीह से 10 लीटर महुआ शराब ,महारथी धनुहार उम्र 40 साल निवासी खपरीडीह थाना बम्हनीडीह से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग अपराध थाना जांजगीर, बलौदा, मुलमुला, नवागढ़, चांपा, बम्हनीडीह एवम चौकी नैला, पंतोरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध, किया जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । उपरोक्त आबकारी एक्ट की कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, निरीक्षक मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी चांपा, निरीक्षक गणेश राजपूत थाना प्रभारी बम्हनीडीह, निरीक्षक तुल सिंह पटावी थाना प्रभारी नवागढ़, उप निरीक्षक गोपाल सतपथी थाना प्रभारी बलौदा सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह चौकी पंतोरा, सहायक उपनिरीक्षक राम खिलावन साहू चौकी प्रभारी नैला का योगदान रहा।

# बिजली कर्मचारियों की आज हड़ताल, बनाया ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा

## बिजली कर्मचारियों की सभी यूनियनें शामिल

**सारंगढ़ ,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य पॉवर कंपनी में ओपीएस बहाली हेतु पॉवर कंपनी मुख्यालय रायपुर में छ.रा. पॉवर कंपनीज अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर आज शुक्रवार को प्रदेश के विद्युत अधिकारी / कर्मचारी सामूहिक अवकाश की तैयारी में। प्रदेश में विद्युत व्यवस्था चरमराने की आशंका है इसी तारतम्य में सारंगढ के लगभग 60 कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना है ज्ञात हो कि

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के जनवरी 2004 के बाद के अधिकारी / कर्मचारियों हेतुएनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओपीएस बहाल करने हेतु पॉवर कंपनी के 09 विभिन्न युनियन / संगठन यथा छ.रा.वि.मं. पत्रोपाधि अभियंता संघ, छ.ग.स्टे.पो.क. आफिसर्स एसोसिएशन, छ.रा. वि. मं. आरक्षित वर्ग अधि / कर्म.संघ, छ.रा. वि. कर्म जनता यूनियन, छ.ग. विद्युत कर्म. संघ (फेडरेशन), विद्युत कर्म, संघ (फेडरेशन), छ.ग. तक. विद्युत कर्म. एकता यूनियन, छ.रा.प.क. डॉक्टर एसोसिएशन एवं छ.ग.स्टे. पॉ.के. स्टेनोग्राफर एसोसिएशन के




प्रदेश भर के लगभग 9 हजार अधिकारी कर्मचारी 16 जुलाई 2023 से विरोध प्रर्दशन करते हुए काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे है तथा 28 जुलाई 2023 को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए जंगी आमसभा करके पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के संबंध में संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर आज प्रदेश भर के विद्युत अधिकारी / कर्मचारी सामूहिक अवकाश की तैयारी में है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 हजार से अधिक अधिकारी / कर्मचारियों ने अपना सामूहिक अवकाश का आवेदन दे दिया है और दिनांक 17.08.2023 तक पूरे 9 हजार प्रदेश के विद्युत अधिकारी / कर्मचारी सामूहिक अवकाश में जाने की तैयारी में है, जिससे एक ओर पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था ठप होने की पूर्ण संभावना है, वहीं दूसरी ओर यदि सामूहिक अवकाश के उपरांत भी कंपनी प्रबंधन द्वारा पुरानी पेंशन योजना ओपीएस बहाल करने के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो द अनिश्चितकालीन हड़ताल से विद्युत व्यवस्था के निरंतर ठप होने से अन्य कार्यक्षेत्रों में भी इसका व्यापक रूप से विपरीत असर पड़ सकता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासित सभी राज्यों में यथा राजस्थान, हिमांचल आदि प्रदेशों में राज्य शासन के कर्मचारियों के साथ-साथ संबंधित राज्य की पॉवर कंपनियों में भी एन.पी.एस. को हटाकर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जा चूकी है. छ.ग. राज्य में मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी राज्य शासन के 3 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजन लागू कर चुके है।

पॉवर कंपनी प्रबंधन द्वारा पूर्व में एन.पी.एस. विद्युत कर्मियों पर नीतियां बनाते समय एन.पी.एस. कर्मियों की मृत्यु पर पूर्व में दी जा रही परिवार पेंशन की व्यवस्था को राज्य शासन के अनुरूप संचालक मंडल के निर्णय से वर्ष 2021 से समाप्त कर दिया था, साथ ही साथ एन.पी.एस. कर्मियों पर नियोक्ता के अंशदान में 10 प्रतिशत के स्थान पर 14 प्रतिशत करने का निर्णय राज्य शासन के अनुरूप ही अप्रेल 2022 से किया था, जबकि केन्द्र शासन द्वारा एन.पी.एस. कर्मी की मृत्यु पर परिवार पेंशन की व्यवस्था को लागू रखा गया है एवं नियोक्ता के अंशदान में वृद्धि केन्द्र में अप्रैल 2019 से लागू की गई थी। संयुक्त मोर्चा के सभी युनियन / संगठन के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पॉवर कंपनीज में पुरानी पेंशन बहाली हेतु 18 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश एवं 6 सितम्बर से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है

